★ नवीन प्रिंटिंग प्रैस, बिलासपुर [हि० प्र०] ★

# हिमाचल प्रदेश विधान-सभा में दिए गए मेरे तीन भाषण ।

—०—

आनन्दचन्द
विधायक

—०—

1977

**After my elections to the Himachal Pradesh Legislative Assembly in June 1977, this is a copy of the very first speech I made on the floor of the House on July first, 1977 on the Governor's Address.**

**In this I have tried to highlight the urgent necessity of changing the basic structure of District Administration with particular reference to the needs of the people as also the stoppage of interference by the politicians in the day to day administration. A plea was also made to remit Land Revenue on uneconomic holdings.**

---

**Sh. Anand Chand :** Mr. Chairman, Sir, I rise to speak on the Motion of Thanks on the Governor's Address. The new Government which now occupies the treasury benches, first of all deserves congratulations, as the people of Himachal Pradesh have voted them into the seats of power.

Sir, humility and sacrifice are the twin pillars on which Indias leadership has been built and I hope the new Government will be endowed with both. Sacrifice, there

is on their part but so far as humility is concernəd, I think when time advances, we will find more and more examples of the act from the treasury benches. At the present moment I might be pard oned if I sirike a discordant note; taking this important time when we are discussing the Governor's Address and wh en thls House is seized of this important matter, when not only people from the side of the Government but also from the Opposition are making contributions to this debate, I find the Chair of the Hon'ble Chief Minister vacant. I think is would confoım to the dignity of the House, ıf he were present here listionıng to what ever people have to say on this important document. And I do not believe that in Parliamentary practice, the Chief Parliamentary Secretary can fill in his place I will not say more about it except to utter a few words especially about myself. I have been so many years away from this Pradesh, from the land of my birth, that it is very little really I know about Himachal Pradesh and whatever my Hon'ble friend Sh. Ram Lal the Leader of the Congress Party here has uttered is absolutely news to me. The way that he was reciting facts and figures, the way that he knows every thing that is happening in the Pradesh, not only speaks for the efficiency which I bel eve, he exhibited with such nice measure in the Government that is gone, but also speaks, I think, for the facts and figures which are accumulated and a very sharp and acute mind, which is there to put them up forcefully at the time, when they are needed.

Sir, it is very difficul t for me to speak anything on real facts as I said, I am ignorant of them and with the Houses indulgence, I want some more time before I am able to speak on those particular subjects. Here I speak only



one thing in passing and that is the role of an Independent Member in a Legislature. When I was fighting this election, every-where I went people had only one question to ask me and that was this, "What will be your contribution as a single individual in a House, where there are parties even there will be a party in the Government and there will be parties sitting in the opposition." "What will you contribute 1 : 68 of the whole House." As a matter of fact standing here and looking around me, I do feel so small thatI wonder, what I can contribute ? But really I thinkmy role, if I am able to see it today, and perhaps as years passe by and the months pass I might be able to say that the role should be one, not only of constructive critic sm but the role should be one of laying my views before this House for whatever they are worth. More especially so as I am 20 years older than the average age of the Hon'ble Members. I was rather happy to read the other day in the Tribune, I think it was, the average age of the new House is 43. So I am already ahead of that by 20 years. And I believe whatever experience, whatever little experience there is that I possess will be of some use not only to the Hon'ble Members of this House but to the Government in taking decisions on vital matters about which I might have something to put up before them.

Now, Sir, coming to the points raised in the Address I will go into only two matters.

One is about the provision of a clean and good administration. That Sir, in India today is absolutely essential, is an absolute necessity, not that we do not have good administration or we have not had good administration but some how we have wandered in these 30 years from the basic

principle of having an administrative structure at the district level which is responsive to and which responds to the needs of the people. I remember many years ago when I was in Parliament. I think it was about 1954, I am speaking now of more than 20 years, I raised the question that it was high time that we scrap the administrative structure of a district as it was envisaged by the old regime that is British Raj, and that we so modernised it and so changed it that it was resposive and it catered to the needs of the people. I am sorry to say that 30 years have passed since independence but we still have a Deputy Commissioner, we still have a Superintendent of Polices. we still have all the perafernalia which the British gave us. I do not say that it was not a good system. I do not say that the system was not suited to the conditions as they existed. But I think, it is really a paradox that after all this independence, we still feel that there is a structure, there is rather a water tight structure which among the bureaucracy functions in a particular way. I know rules must have been changed. I know Police codes which should have been by now, amended, so that today in free India we don't have the stigma of a police officer going and arresting a man and putting him in detention 24 hours before he is produced before a Magistrate. This is not done in a free country. Now the other thing that I find is that although freedom is there the exhibition of freedom is there and we enlogise ourselves by being a free society. Our economic conditions are such that we cannot say so before people. I am saying of officials who are economical superior to us. I think people who have wealth in this country, who have position, who have power are so few and far between, are so few in numbers as compared



to the percentage of the average man, when he goes before them he does not feel as if he is equal to them. Now this economic in equality, I think, is strangulating the whole liberty that we posses.s Unless we raise them economically to a certain level, we will not find the same glow of happiness, same glow of freedom that must emanate from each individual whom we see in this country. I think this is one of the thing which every Government should take notice of and I am glad that this Address had made some begining where they say that they will provide all the amenities to the people to raise their standard. Now, Sir, food, shelter, clothing, housing, education and medical aid, these are the basic necessaties of life everywhere and it is the paramount duty of the Government, of every civilised Government to procure them in ample measure for its citizens. I do hope that the new Government will in all their wisdom and sagacity formulate such plans that they give these five essentials to the people in the shortest possible time.

There is only one thing more Sir, which I wanted to highlight here and that is about agriculture. Much has been said about agriculture and about agriculture priorities. I know that in a Pradesh like this where the terrain is hilly, where there is not much what I might call scope for agricultural development, we have of course to go slow for agriculture but we can not go into the same way as people in Punjab or Haryana would go, or in which Andhra Pradesh where the people, who are endowed by Nature with flatter land would go. But at the same time we could, I think make a humble beginning by taking the burden off the shoulders of the people in trying to take away land revenue on uneconomic holdings. I do not know what is the structure of

this Pradesh. My Hon'ble friend from the Congress benches spoke here shout certain cesses, I do not know anything about, them but I feel if they do stand as an impedinent they should of course be taken away.

Now, only one other word and I will resume my seat Sir, that is about the interference of politiciaus in the day to day administration. This is the bane of India. It is not only the bane of Himachal Pradesh but it is the bane of India that a politician tries to interfere too much not only in the day to day administration of the people but mostly he is interested in seeing that those people whom he does not like being transferred, something which I have been hearing for a long time not only in Parliament, but even outside that M.L.As.—I am one—but I do not think I would suffer from that malady, that they take delight in seeing that people whom they do not approve, the people in administration, whom they do not see eye to eye with or people in the administration, who for some other reasons have annoyed them, they make it a point to see that they are transferred out of turn, that they are pehaps transferredas a punitive punishment to far flung areas of the Pradesh. I have heard of Pangi, Lahaul and Spiti and Sarahan. It might have been appreciated and it might have been considered good, but I do not think it is conducive to good administration. A person, be he Deputy Commissioner or a small teacher or any other category of State servant, civil servant, he should have the security not only of his tenure, but security of serving a full term in the area in which he is put. That alone will give the stability and continuity to the policy of the administration and it takes away the fear from the mind of the person that politics play a part



in his being at a particular spot. I think a very nice, statement has been made in the Governor's Address that Government will see that politics is kept out of the day to day administration and hence forward there will be no charges levelled anywhere in the Pradesh that there have been transfers which have been motivated with political purpose. That is all I want to say at the moment. I thank you very much and wish the new Government all success in the efforts that they are making or they are going to make for the progress of the Pradesh. Thank you, Sir.

——

**हिमाचल प्रदेश विधान सभा के शरद–कालीन अधिवेशन में 23-12-77 को मैंने श्री कौल सिंह विधायक के इस प्रस्ताव पर कि हिमाचल की राजधानी को शिमला से सुन्दरनगर ले जाया जाए, जो भाषण दिया था वह यहां उद्धृत किया गया है।**

——

**श्री आनन्द चन्द** : अध्यक्ष महोदय, यहां दोनों ओर से जो प्रस्ताव के ऊपर बहस हुई है, मैं समझता हूं कि मेरे माननीय मित्रों ने इस प्रश्न को इतनी गम्भीरता से नहीं देखा जितना गम्भीर मैं समझता हूं।

वास्तव में श्री कौल सिंह जी ने, मेरे मित्र जी ने यह प्रस्ताव किया। मेरा भी इसी किसम का एक प्रस्ताव था, थोड़ा भिन्न था। वह सदन के सामने आ नहीं पाया क्योंकि बैलेट में नहीं आया। मैंने उस प्रस्ताव में यह रखा था कि शिमला से राजधानी उठाकर हिमाचल प्रदेश के किसी केन्द्रीय भाग में चली जानी चाहिये। वह केन्द्रीय भाग चाहे पालमपुर हो या हमीरपुर हो, चाहे सुन्दर नगर हो चाहे बिलासपुर हो, या चाहे कहीं हो। इसलिए केवल शिमला हो या सुन्दर नगर हो, इस बात के तथ्य में न जा करके, शिमला के विषय के अन्दर जो भी ये बातें यहां हुई है उसमें मैं समझाता हूं कि माननीय सदस्यों ने पूरे तौर से ध्यान नहीं दिया।

मैं निवेदन करना चाहूंगा अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार कि शिमला के अन्दर क्या ऐसी चीजें हैं जिसके कारण शिमला को हिमाचल की राजधानी नहीं होनी चाहिये।

सबसे पहली बात तो इसमें यह है कि यह प्रदेश के सैन्टर में नहीं



है, प्रदेश के मध्य में नहीं हैं।

दूसरी चीज जो इससे खिलाफ है, वह यह है कि इसकी कलाईमेट, इसकी आबो–हवा गर्मीयों में तो ठीक है लेकिन सर्दीयों में बहुत ठण्डी रहती है। इसकी जलवायु जो है वह एक किसम की नहीं है।

तीसरी चीज जो है, वह यह है कि यह कंजस्टिड बहुत हो गया है। पहाड़ी के एक चोटी पर टिका हुआ है। पहले शायद अंग्रेजों के समय में २०–२५ हजार की आबादी होगी, अब मैंने सुना है कि एक लाख से ऊपर हो गई है। छोटी सी जगह के अन्दर जीपें घूमती है, गाड़ीयाँ घूमती, एक्सिडैन्टस होते हैं। उसके ऊपर आदमी चलते हैं तो डर लगता है।

अगर माननीय मुख्य मन्त्री जी माफ करेंगे, सरकारी गाड़ीयां जो चलती हैं, एम०एल०ए० लोग घबराते हैं और मैं तो अपने आप को इधर उधर छुपाये फिरता हूं कि कहां दब जाएंगे तो बाई–इलैकशन न जल्दी आ जाए।

लेकिन सबसे बड़ी बात जो इसमें है, वह यह है कि शिमला हमारे बार्डर के नजदीक है। जहां तक 'वैस्टर्न कमान्ड का तालुक है, भारत की रक्षा का सवाल है उसके लिए शिमला एक बहुत बढ़िया जगह है वैस्टर्न कमांड के लिए लेकिन वहां प्रदेश की राजधानी होना, ऐसी जगह समीप होना, निकटवर्ती होना, उस देश की सीमाओं के जिसके साथ हमारे सम्बन्ध मैत्रीपूर्ण न हो, बल्कि काफी अर्सा से तनावपूर्ण चले जा रहे हों, मैं समझता हूं, उसकी सीमाओं के निकट शिमला में इस प्रदेश की राजधानी का होना शायद ठीक साबित न हो।

अब माननीय मन्त्री ने तीन चार प्रश्न उठाए हैं, उनके बारे में थोड़े से शब्द कहूंगा। उन्होने कहा है कि शिमला के पीछे एक इतिहास है। इतिहास क्या है ? एक विदेशी सरकार का इतिहास। वायसराय साहब को कलकत्ता में गर्मी लगती थी, इस लिए यहां पर वह गर्मियों में

आ जाया करते थे, और कौनसा ऐसा इतिहास है जो इसमें छिपा हुआ है। माना कि अंग्रेज सरकार के लिए, उस समय की भारत सरकार के लिए गर्मीयों में यहां ठण्ड के दिन गुजारना ठीक था, लेकिन प्रदेश के साथ इस का इतिहास क्या जुड़ा हुआ है ? मैं समझतां हूं कि इतिहास का इसके साथ कोई प्रश्न नहीं है।

मेरे माननीय शिक्षा मन्त्री जी ने कहा कि आज भी कुछ देशों और प्रदेशों की राजधानीयां किनारों पर है। उन्होंने लण्डन का जिक्र किया लेकिन वहां लण्डन, स्काटलैण्ड और वेल्ज जो हैं वे अपनी जुदी जुदी एसैम्बलियां मांगते हैं, वे कहते हैं कि हमारी अपनी एसैम्बलि हों। स्काटलैंड वाले कहते हैं कि हमें एडनबरा में दो, और वेल्स वाले कहते हैं कि हमें कार्डिफ में दो, वे वहां अपनी अपनी राजधानी लेजाना चाहते हैं, वहां अपना अपना कैपीटल बनाना चाहते हैं। स्काटलैंड से लंडन कितनी दूर है कोई ३०० या ३५० किलोमीटर का फासला ही होगा। मैं समझता हूं कि शिमला से चम्बा का आखरी छोर कितना होगा। पता नहीं कितने मील होगा, लेकिन कम से कम ३०० किलोमीटर तो जरूर होगा और जिसमें पहाड़ी और दुर्गम रास्ते हैं।

उसके बाद मेरे माननीय मित्र श्री रामलाल जी ने कहा कि उसके पीछे जितनी भी चीजें हैं वे भी सोचनी हैं, कुछ यहां भवन हैं, प्रासाद हैं, ठीक हैं, क्या भारतवर्ष के अन्दर राज-सता उन प्रासादों के अन्दर है। क्या मन्त्री लोग या सदस्यगण जो हैं, वे बड़े-२ घरों में ही रहते हैं: और क्या राज सता बड़ी-२ एसेम्बलियों में है या फिर उसका निवास गरीब जनता के अन्दर है। सरकार निवास करती है गरीब जनता के अन्दर जिन्होंने आपको यहां भेजा है। वे झोंपड़ियों में रहते हैं उन झोंपड़ियों में सत्ता है, उन झोंपड़ियों में आप चलिए, उन निवासियों में चलिए, उन लोगों में शामिल हों, तभी आप उन लोगों की समस्यायों को भली प्रकार समझ सकेंगे। इन प्रसादों में बैठ कर उनकी समस्याओं



को समझ नहीं पा सकेंगे। उनके गांवों में उनकी झोंपड़ियों में, घास फूस की झोंपड़ियों में चल कर रहिए, वहां जाकर राजधानी स्थापित करिये। वहां झोंपड़ियों में मनिस्टर लोग रहे। एक छोटी सी टीन के छप्पर की एसैंबली बनाइये। वहां जाकर देखिए कि उनकी समस्याएं क्या हैं, उनमें शामिल होकर। शिमला जिला में कितने लोग हैं ? कोई तीन लाख या साढ़े तीन लाख और दो लाख लोग आपके सिरमौर जिला के होंगे और कोई लाख या डेढ़ लाख किन्नौर जिला के होंगे। ३४ लाख में कोई ६ लाख इधर हैं और उधर कोई २८ लाख लोग हैं। जहाँ २८ लाख लोग हैं आप वहां चलिए, उनके मध्य चलिए। उनके मध्य रहे, जहां वे रहते हैं, जिस प्रकार के वाहनों मैं वे चलत हैं, उन्हीं वाहनों में आप चलें, बसों में चलें, पैदल चलें, तब तो आपको पता लगेगा कि वहां की समस्याएं क्या हैं, किस प्रकार से लोग अपना जीवन व्यतीत करते हैं। यहां बैठ कर आपको उनकी जानकारी हो नहीं सकती, दूर से बैठ कर नहीं हो सकती, इसीलिए आज तक सरकार उन तक पहुंची नहीं है। ब्रिटिश सरकार तो दूसरी प्रकार की सरकार थी, बाहर से आई हुई थी, हजारों मील दूर से, डर से दबाव से डरा धमका कर वह शासन करना चाहती थी। उसी भय के कारण हम उनको सलाम करते थे। दूर से ही जब साहब लोग आते थे तो हम रास्ते से हट जाते थे और उनको सलाम करते थे। अब वह यहां प्रश्न नहीं है। भारतवर्ष आज एक गणतन्त्र राज्य है। जिन लोगों ने आपको यहां भेजा है, उनसे हम आज डराकर काम नहीं ले सकते। इस लिए यह एक जगह नहीं हो सकता। झोंपडियों में जाकर उनके प्रश्नों को देखें, उनकी समस्याओं को देखें। आप कहते हैं कि कैपीटल बनाने में बहुत खर्चा होगा कैसे होगा इतना खर्चा ? मैं तो माननीय मन्त्री जी से कहूंगा कि आप २०-२५ लाख के अन्दर एक राजधानी बनाइये। एक सैक्रेटेरियेट हो, और फाइलें रखने के लिए एक अच्छा सा बन्दोबस्त हो, कनक्रीट के घर हों, बढ़िया हों, जहां कि आग न लगे। यहां के सैक्रेटेरियेट तो आग से जल गये, वह आग किस बजह

से लगी, मैं नहीं कहूंगा, लेकिन फाइलें रखने के लिए एक कनक्रीट का बढ़िया मकान बनाएं और वहां चलिए।

आप कहते हैं कि आप शिमला में कैबनिट मीटिंग करते हैं। वहां आप कैबनिट मीटिंग करिए, हर ज़िला में करिये। उन लोगों के पास आप चलिये वे आपके पास आएं। आप ने कहा है कि आप एकीकरण नहीं करना चहाते हैं, विकेन्द्रीय करण करना चाहते हैं तो फिर आप विकेन्द्रियकरण करिये। यह नहीं होगा जब तक कि आप एक सैंट्रल प्लेस में नहीं जाएंगे। आप लोगों की समस्याओं को समझ नहीं सकेंगे। वह कैपिटल कहीं हो, वह चाहे सुन्दरनगर हो, पालमपुर हो। यह धौलाधार के प्रांगण में हो, (व्यवधान) मैं नहीं कहता कहीं भी हो और किसी जगह हो. लेकिन कुछ समय के लिए तो दफ्तरों को उठाएं।

शिक्षा मन्त्री जी ने इस बात पर बड़ा जोर दिया। आहम शासन को हम विघटन करना चहाते हैं डिसेंट्रालाइ-जेशन करना चाहते हैं। एकीकरण नहीं करना चाहते। ज़िला के शासन को आप डिसेंट्रालाइज करना चाहते हैं। जिला की ताकत है क्या, पंचायतों की आय है क्या, १२०० रुपये सालाना है, एक पंचायत की। तो १२०० रुपये की सालाना आमदन से पंचायत क्या करेगी। ज़िला के शासन को आप डिसेंट्रेलाइज़ कैसे करेंगे। आपके पास पैसा है कहां। ४०-५० करोड़ रुपया तो कुल आपके पास है और आपके पास ७७ हज़ार आदमी है, जिनको आपने तन्खाहें देनी हैं, आपके पास बचा क्या। आप तो स्वयं भारत सरकार के पास जा कर मांग कर लाते हैं। हाथ जोड़ कर अपना काम चलाते हैं। फिर आप कहते हैं कि आप सत्ता का विघटन करेंगे। इस लिए सरकार को यहां से हिलना पड़ेगा। जब तक आप अपना कैपिटल नहीं ले जा सकते किसी केन्द्रिय स्थान पर तब तक आप कुछ महकमों को ही ले जाएं। मेरे भाई राम लाल जी ने जो कहा,



बड़े चतुर हैं और अगर वह चतुर न होते तो मुख्य मन्त्री न बनते, उन्होंने बड़ी चतुराई से काम लिया। तब कहा कि युनिवर्सिटी वहां चली जाए। युनिवर्सिटी तो शिमला के अन्दर ही रहे, आज हमें ग्रेजुएट्स नहीं चाहिए। ग्रेजुएट्स की तो पहले ही भरमार है। बिलासपुर के छोटे जिला में मैंने देखा कि २१५ से २३० तक ग्रेजुएट्स हैं, जो कि बिल्कुल कोरे ग्रेजुएट्स हैं, जो बेकार हैं, १३०० से ऊपर मैट्रीकुलेट्स हैं जो बेकार घूम रहे हैं। अब युनिवस्ट्रिी तो कोरे ग्रेजुएट्स ही क्रियेट करेगी, रखिये आप युनिवर्स्टिी को शिमला में ही। ताकि यहां लोग सर्दियों में ठण्ड और बर्फ में कम आदमी आएं और बाकी के लोग दूसरे काम करें, दूसरी शिक्षा की ओर चलें, इंडस्ट्रीज़ में जाएं। तो हम को तो ऐसी कोई चीज़ चाहिए नहीं।

इसके बाद इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड है। इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड तो कहीं की कहीं अपनी आमदनी बढ़ा रहा है। ३० पैसे से ३५ पैसे, और फिर ४० और ४५ पैसे और ५० पैसे पर यूनिट इकट्ठा कर रहा है। मेरे पास पूरे आंकड़े तो नहीं है, जब दूसरी बार चर्चा होगी तो फिर मैं निवेदन करूंगा।

इस बारे मे मेरा नम्र निवेदन हैं। इस प्रश्न को आप गम्भीरता से सोचें। जहां तक कैपीटल के उठाने की बात है। यह कोई छोटी मोटी चीज नही है। यह कोई ऐसी बात नहीं कि सरकार सोचे और अपना बोरिया बिस्तर बांध कर झोंपड़ियों में चली जाए। कहना बड़ा आसान होता लेकिन करना बड़ा कठिन होगा, इसमें असलियत कहना तो दूर की है, यह मैं भी जानता हूं। अगर और नहीं तो कम से कम सर्दियों के मौके जिस वक्त यहां बर्फ पड़ती है, जैसे जम्मू और कशमीर की सरकार जम्मू ६ महीने के लिए चली जाती है, इसी तरह से अपनी सरकार जाए, कहीं। चाहे सुन्दरनगर चली जए या कहीं और केन्द्रिय स्थान

पर चली जाए, (व्यावधान) ताकि लोग यह समझें कि शासन हमारे पास आया है। इस तरह से धीरे धीरे लोग यह तो समझने लगेंगे कि अखतयार हमारे पास हैं। और सरकार ठीक प्रकार से चल रही है। इसका बन्दोबस्त अच्छा है। इस बारे में आप लोगों की भावनाओं को सामने रखे। मैं दो तीन बातें अर्ज करना चाहता था। मैं इसका पूरी तरह से समर्थन नहीं करता, अंशतः करता हूं। कि आप राजधानी ले जाने के मामले में कुछ तो आगे बढ़ें (व्यवधान) मैं तो सिर्फ एक दो बातें कहना चाहता था। मेरे माननीय मित्र ने कहा कि राजधानी सुन्दरनगर ले जाएं, मैं नहीं कहता कि कहां ले जाओ, अगर मैं कहता हूं तो मैं भी इसका भागीदार बन जाऊंगा।

अब यहां यह कहा गया कि इस राजधानी का इतिहास है। और भी इस बारे में बात कही गई है। मैं थोड़ा सा इस बारे कहना चाहूंगा। मेरे भाई ने कहा कि यहां ट्रेड होती है ट्रेड का जिक्र किया गया, यहां से निर्यात आय होती है। अब हिन्दुस्तान की राजधानी दिल्ली के अन्दर है, लेकिन ट्रेड का जो सैंट्र है या निर्यात और आयात या तो बम्बई होता है या फिर कलकत्ते होती है। फिर तो कलकत्ते से राजधानी उठनी नहीं चाहिए थी। माननीय मन्त्री जी ने यह भी कहा कि दिल्ली के साथ इतिहास जुड़ा हुआ है। ठीक है इतिहास है और इससे भारत का इतिहास जुड़ा हुआ है। निर्यात आयात की आय को देखा जाए तो फिर तो राजधानी दिल्ली से तुरन्त उठनी चाहिए। इसी के फलस्वरूप अध्यक्ष महोदय, में नम्रता से निवेदन करुंगा, सदन से निवेदन करूंगा, माननीय सदस्यों से निवेदन करुंगा कि यह एक बार निश्चय हुआ था कि राष्ट्रपति कुछ दिनों के लिए दिल्ली से चलकर हैदराबाद रहे और वह जाते हैं। यह सब कुछ जनता की भावनाओं को देखते हुए हुआ था। आज भी कुछ दिनों के लिए राष्ट्रपति दिल्ली से जाकर हेदराबाद रहते हैं। वह साऊथ की, दक्षणी भारत की भावनाओं को एक प्रकार से संतुष्ठ रखने



के लिए है कि आज भी वह जाकर वहां निवास करे। हिमाचल प्रदेश सरकार को भी चाहिए कि वह अपनी राजधानी को हिलाए। और कुछ नहीं तो भावनाओं पर उन लोगों की ईमोशन्ज को सामने रखते हुए वह चले। तो मैं इसको पूर्ण तो नहीं, परन्तु अंशतः सप्पोर्ट करता हूं। इसको आप हंसी में न उड़ाएं।

यह गम्भीर प्रश्न है और सरकार इस पर बिचार करे। इस पर विचार करते हुए और यहां की कठिनाई को देखते हुए जिसको मेरे मित्र ने सदन के सामने रखा है, कम से कम इतना अवश्य करे कि यहां से कुछ समय के लिए तो, जब यहां पर बहुत सर्दी पड़ती हो कैपिटल को शिफ्ट किया करें। यह एक परिपाटी कायय करे कि विंटर में किसी ऐसे एरिया में जो कि प्रदेश के मध्य में पड़ता हो यहां से सरकारी दफ्तर चले जाया करें। इसके साथ ही सरकार इस बात पर भी गौर करे कि कौन-२ से यहां पर विभिन्न सरकारी महकमें हैं, कौन-२ से ऐसे हैं जिनको बाहिर ले जाया जा सके और कौन से ऐसे हैं जो कि राजधानी के साथ जुड़े रहने जरुरी हैं। जो गैर जरुरी दफतर हैं वे तो कम से कम यहां से बाहिर चले जाने चाहिएं। मेरा सरकार से निवेदन है कि कम से कम सर्दियों के अन्दर अगर सरकार किसी दूसरी जगह अपना कैपिटल शिफ्ट नहीं करती है तो सदन की मीटिंग भी बाहर हो सकती है जैसे कि जम्मु में होती है। कम से कम इससे लोगों में संतुष्टी तो आएगी कि हमारी ओर भी सरकार का ध्यान है। इतना कहते हुए मैं आपका बड़ा आभारी हूं जो कि मुझे बोलने का समय दिया। मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

——

## हिमाचल प्रदेश विधान सभा में दिया गया मेरा 26-12-77 का भाषण ।

**श्री आनन्द चन्द** : आदरणीय अध्यक्ष जी, यह जो माननीय सदन के सम्मुख सप्लीमेंटरी बजट पेश है, इसमें बहुत बोलने की गुंजायश नहीं है क्योंकि आमतौर पर इसमें चर्चा उन्हीं विषयों पर होनी चाहिए जो सप्लीमेंटरी ग्रांटस के अन्दर दर्ज हैं। इसलिए मैं बहुत सारी बातों में जाना नहीं चाहूंगा। कई महकमें हैं सरकार के और उन महकमों द्वारा सरकार चलती है और अच्छे इरादे होते हुए भी, अच्छी ख्वाहिश होते हुए भी कमियां, त्रुटियां रह जाती हैं। इसलिए अपोजिशन का फर्ज उन त्रुटियों को सरकार के ध्यान में लाना और जहां तक हो सके सरकार से आवेदन करना कि उनको जनता के हित में दूर करे।

अध्यक्ष महोदय मुझे माफ करेंगे, अगर आज मैं आरम्भ में आपका ध्यान विधान सभा सचिवालय की ओर जो यहां पर व्यवस्था है, आपके अधीन उसकी ओर दिलाऊं और मैं जरुरी समझता हूं। कुछ बातें जो इस सदन से सम्बन्ध रखती हैं और जिनके विषय में मैं सुझाव दूंगा और आप देखें कि क्या कुछ किया जा सकता है। यहां तो अभी जाकर के अभी पता लगाया जैसे २३ को हमारा सैशन हुआ था और २३ का यहां पर जो भाषण हुए थे उनका ट्रांसकीपशन, मेरी समझ के अन्दर आज हमारे सामने उपलब्ध होना चाहिए था और उन भाषणों की ट्रांसकीपशन की अनकरैटेड कापीज़ लाइब्रेरी में होनी चाहिए थी और हमारे पास होनी चाहिए थी पर अभी तक वह चीज मौजूद ही नहीं है। फिर मैंने जाकर पता लगाया तो मुझे पता दिया गया कि अभी शायद एक दो दिन और लग जाएंगे। तो इसका मतलब यह है कि आपके जो स्टेनोज़ हैं



यहां विधान सभा में पर्याप्त नहीं हैं, काफी मिकदार में आपके पास स्टेनेग्राफर्स नहीं हैं। जो भी स्पीच माननीय सदस्य दें, भाषण दें उनका ट्रांसकीपशन दूसरे दिन सुबह या उसी दिन रात को हमें मिल जाना चाहिए और मेरी यह राय है और बड़े अदब से कहूंगा कि आज जो स्पीच होती है सदन में या जो भी कार्यवाही होती है सदन में वह कल सुबह ही हमें अनकरक्टेड रूप में मिल जानी चाहिए और हमारे सामने होनी चाहिए और प्रत्येक सदस्य के हाथ में उसकी कापीज़ होनी चाहिए और यह मैं समझता हूं कि बड़ी जरूरी चीज है और इसकी कमी इसलिए है कि स्टाफ कम है। इसलिए मैं निवेदन करुंगा कि इसको बढ़ाया जाय क्यों कि पहली जो डिमाण्ड है यह विधान सभा की है और इलैक्शन की है इस सपलीमेंटरी ग्रान्ट में तो विधान सभा के अन्दर इनकी संख्या को बढ़ाया जाए और यहां पर वह सरकार जितनी भी उसके अन्दर चुस्ती लानी है उसको लाएं तो कम से कम पता लगे माननीय सदस्यों को कि उसने पहले दिन पिछले कल क्या कहा था और मन्त्री महोदय ने क्या कहा था और उसके आधार पर आगे बात कर सकूंगा। तो मैं आपके सम्मुख यह सुझाव देना चाहता हूं......

**अध्यक्ष** : मैं माननीय सदस्य का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहूंगा कि जहां तक विधान सभा का ताल्लुक है वह अन्दर डिसकशन में नहीं आयेगा। आप इसके मुतल्लिक मुझ से मेरे चैम्बर में बात कर सकते हैं।

**श्री आनन्द चन्द** : मुझे क्षमा कीजिए। मैं इस बारे में अनभिज्ञ था। चूंकि डिमाण्ड आई थी, इसलिए मैंने आपके सामने यह सुझाव रख दिया था। मैं इस बारे में आप से चैम्बर में बात कर लूंगा।

अब मैं दूसरी ओर चलूंगा और मुझे यह कहना है कि इस वक्त दो तीन चीजें ऐसी हैं जो प्रदेश के अन्दर मेरी समझ से हमें सरकार के ध्यान में लानी चाहिए और सरकार के ध्यान देने योग्य हैं। विकास की प्राथमिकता, एक बड़ा प्रश्न है, सवाल है और यह सब के दिलों में है

और दूसरा प्रश्न है ट्रांसफर्स का, सरकारी मुलाजिमों को इधर-उधर बदलने का, तबदील करने का। यह जो ट्रांसफर्स का प्रश्न है, यह मैं समझता हूं खासतौर पर गम्भीर बन गया है क्योंकि मुख्यमन्त्री जी ने शायद अगस्त के मास में ही पत्र लिख दिया था सब विधायकों को। उन्होंने कहा था कि इस बीच में, इस सैशन में अब ट्रांसफर्स नहीं होनी चाहिए और इससे प्रभाव पड़ता है एक तो उन लोगों की शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है जिनकी ट्रांसफर्स होती है उनके बाल बच्चों की शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है और दूसरे उन बच्चों पर जो पढ़ रहे होते हैं। स्कूल में और बीच में ट्रांसफर्स करने से सरकार पर खर्चा बढ़ता है। मैं उनसे सहमत हुआ था और मैंने उनको एक पत्र में लिखा था इस बारे में कि यह बहुत अच्छी बात है और काम की है। इसमें जहां एक तरफ प्रबंध ठीक रहेगा, ठीक रूप से चलेगा वहां बच्चों की शिक्षा भी ठीक चलेगी। उसके तुरन्त बाद खबर आने लगी कि बहुत सारी तबदीलियां हो रही हैं और बहुत ट्रांसफर्स होती हैं और एक हंगामा मच गया। इस बारे में मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि वह हंगामा अब ठण्डा पड़ गया है और मैंने अब यह सुना है, मुझे ज्ञात हुआ है मुख्यमन्त्री जी के पत्र से कि अब एक कमेटी बना दी गई है जो इस ट्रांसफर्स पर विचार करेगी बहुत उचित कदम, बहुत अच्छा कदम सरकार ने लिया है, मैं इसका स्वागत करता हूं और इसके साथ साथ में उनसे यह भी प्रार्थना करता हूं कि जब तक वह कमेटी की रिपोर्ट न आ जाए, तब तक बहुत ही आवश्यक जो ट्रांसफर्स है वह की जाए और ट्रांसफर रोक दिए जाएं क्योंकि एक और कमेटी बना दी है इस बात के लिए कि ट्रांसफर के लिए आगे से पौलिसी होनी चाहिए तो उस कमेटी के संघठित हो जाने के बाद तुरन्त अगर हम ट्रांसफर में लग जाएं तो यह उचित नहीं दीखता, चाहे वह ट्रांसफर किसी भी महकमे की क्यों न हो। मैं जानता हूं कि हमने बतौर प्रिंसीपल तय करने के लिए ट्रांसफर के बारे में वह कमेटी संगठित कर दी है और दूसरी तरफ हम ट्रांसफरों में अगर लगे रहें बड़ी तादाद



में तो यह कोई अच्छा प्रभाव नहीं डालती है। इस लिए मैं सरकार से पुरजोर अपील करूंगा, कि सरकार जब तक उस कमेटी की रिपोर्ट न आ जाए तब तक, जब सरकार ने ट्रांसफर का मामला उन पर छोड़ दिया है, यह ट्रांसफर नहीं होनी चाहिए। वैसे कहीं पर आवश्यकता हो सकती है क्योंकि सरकार बिलकुल बन्द नहीं कर सकती तो अगर बहुत ही जरुरत पड़े तो वहां पर ही करे और जहां पर एकदम जरुरत न हो वहां उनको न किया जाए जब तक वह कमेटी उस नीति को तय कर के सरकार के सामने न लाए और इस चीज को प्राथमिकता दी जाए क्योंकि प्रदेश के अन्दर ७१ हजार से ऊपर कर्मचारी हैं और बहुत सारे उनके अन्दर जैसा आंकड़ो से देखा गया है शिक्षा विभाग में है, अन्य विभागों में भी हैं। ट्रांसफर करने पर उनकी दिक्कतें बढ़ती हैं और उन दिक्कतों के कारण हल्ला मचता है, लोगों में असंतोष आता है। इसलिए बहुत सारे आदमियों का इसके अन्दर ताल्लुक है। तो बेहतर यही होगा कि हमारी सरकार को इस बारे में जो कमेटी सुझाव दे उन पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर के कुछ ठोस कदम उठाए और लोगों को आश्वासन दे ताकि उनके दिल के अन्दर जो एक घबराहट पैदा हो गई है वह बन्द हो जाए।

दूसरी जो मैं अर्ज करना चाहता हूं वह पेय जल योजनाओं के बारे में है, पीने के पानी के बारे में कहना चाहता हूं। यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में हर रोज बात होती है असैम्बली के अन्दर यह खास विषय बन गया है, चाहे अपोजीशन की तरफ से हो, चाहे सरकारी पक्ष की ओर से हो, इसमें बराबर चर्चा होती है और मैंने इस बात को देखा है कि सरकार इस बारे में सर्तक है और पेय जल की सहूलियत वह हर गांव में देना चाहती है, हर गांव के अन्दर इस प्रदेश में पेय जल उपलब्ध हो और उसके लिए कितनी धन राशि चाहिए इस बारे में मेरे मित्र श्री राम लाल जी ने सरकार से और स्वयं स्वास्थ्य मंत्री जी ने बात कही है कि पेय जल योजनाओं के लिए बहुत रुपये कीजरुरत है।

पेय जल के लिए बहुत सारे हमें कार्य करने हैं। यह एकदम उपलब्ध नहीं हो सकता मैं यह मानता हूं, फिर भी मेरी समझ के अन्दर ऐसी नीति को अपनाएं, ऐसे कदम उठाएं कि जहां पेय जल सबसे अधिक आवश्यक हो वहां प्राथमिकता दी जाए। पेय जल की आवश्यकता तो सभी गांवों में है, इसके लिए तो सभी यही कहेंगे कि हमें यह चाहिए, सभी प्राथमिकता चाहेंगे। मगर मेरी यह गुजारिश है कि प्राथमिकता उन गांवों को दी जाए जहां पेय जल लाने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है। दूरी का माध्यम लिया जाए, कठिनता का माध्यम लिया जाए। केवल उन लोगों के कहने पर ही, जो ज्यादा हल्ला डाल दें कि पानी नहीं है तो १० या ५० लोगों को मनाने के लिए दे दें। इस प्रकार ज्यादा शोर मचाने वालों को पानी मिल जाएगा और बाकी रह जाएंगे। कितनी दूर पेय जल पड़ता है, कितना संकट है पानी को लाने के लिए। अगर आप शिमला से नीचे की ओर जाएं तो देखेंगे कि लोग डण्डे के दोनों ओर कनस्तर रखते हैं और दूर-२ से पानी लाते हैं। तो प्राथमिकता ऐसे गांवों को दी जाए जहां पेज जल की ज्यादा कठिनाई है। जहां पास ही पानी के स्रोत हैं वहां प्राथमिकता न दी जाए। कुछ माननीय सदस्य इससे नाराज होंगे लेकिक ग्रेटेस्ट नीड को देखते हुए, कठिनाईयों को देखते हुए ही प्राथमिकता दी जाए।

मैं एक और बात करना चाहूंगा। मैं आपका अधिक समय नष्ट नहीं करूंगा। जो बात मैं कहना चाहता था वह है हमारी सिंचाई की योजना के विषय में। आप जहां भी जाते हैं पेय जल के साथ ही साथ लोग सिंचाई भी चाहते हैं। प्रदेश के अन्दर इस समय जितनी भी भूमि है वह दुर्गम है। बहुत सारे भाग चट्टान के हैं, पत्थर हैं। कई भाग तो ऐसे हैं जहां खेती बाड़ी नहीं हो सकती। कहीं बहुत वन हैं और वनों की रक्षा करना भी बहुत आवश्यक है। घाटियां, तलहटियां हैं जहां गेहूं बीजते हैं, चावल और मक्की बीजते हैं। बड़ी मेहनत होती है। उनके लिए छोटे-२ कूहल का निर्माण छोटी-२ जगहों को पानी देने के



लिए भी ऐसी योजनाओं को अतिशीघ्रता से कार्यान्वित करना चाहिए जहां से वे खेतों को पानी दे सकें।

हिमाचल प्रदेश में जहां तक अन्न का प्रश्न है, मन्त्री जी ने कहा यहां अन्न बाहर से आता है, हम स्वासलम्वी नहीं हैं, सफीसैन्ट नहीं हैं, अनसफीसैन्ट हैं। वहार से अन्न मंगा कर खाते हैं, इसलिए सैलफसफीसैन्ट होने के लिए हमें चाहिए कि उपज को बढ़ाया जाए। उपज को बढ़ाने के लिए इतनी जगह हमारे पास नहीं है कि खेतों को बढ़ाया जाए। ट्रैक्टर बहुत कम जगह में चल जकते हैं, पहाड़ी स्थान है। हां हमारे पास पानी के चश्मे हैं, जल प्रपात है और ऐसे पहाड़ हैं जिनमें 12 महीने बर्फ रहता है, वहां शायद कूहलें न हों जो काम में आए फिर भी जल स्रोतों से कूहलें निकाल करके सिंचाई का काम करें।

पापूलेशन का बहुत बड़ा प्रश्न है, इस समय देश में और प्रदेश में इस समय आंकड़े लें, प्रसैंटेज लें तो इतने हजार वर्ग किलोमीटर हे यह प्रदेश और 34 लाख के अनुपात में क्या फर्क पड़ेगा। लेकिन यह तो हुई एवरेज की बात। लेकिन जहां-२ आबादी है बहां इतनी घनी है कि उसके लिए पूरा अनाज पैदा नहीं होता। कांगड़ा में लीजिए, बिलासपुर में लीजिए, मण्डी में लीजिए बहुत ही सघन आबादी है तथा सिंचाई के लिए कोई साधन नहीं है। इसलिए लोग बाहर जा रहे हैं। वहां काम करते हैं और काम करके, पैसा कमा कर घरों में भेजते हैं। तो दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि सिंचाई की और छोटी योजनाओं में सरकार ध्यान दे। उन्हें उपलब्ध करे ताकि प्रदेश अन्न के मामले में सैलफ–सतिसैंट बन जाए। कोई खामी न रहे।

अब सिर्फ एक बात आप को कहकर मैं अपना आसन ग्रहण करूंगा, बह यह है कि कोई भी सरकार चाहे हिमाचल की हो, चाहे उत्तर प्रदेश की हो, चाहे मध्यप्रदेश की हो, चाहे आंध्र प्रदेश की हो तभी काम कर सकती है जब एक डैमोक्रेटिक तरीके से, एक जनतान्त्रिक तरीके से, जिसमें उसका कम से कम अपनी आस्तित्व का, अपनी मजबूती का

अहसास रहे। मुझे पूरी आशा है, यद्यपि यह मेरा काम नहीं है, मैं अपोजिशन के बैंच से बोल रहा हूं लेकिन मुझे पूरी आशा है कि चाहे आपस में अन्दर मतभेद हो, मतभेद होते हैं रूलिंग पार्टी में भी मतभेद होते हैं, अपोजिशिन में भी मतभेद होते हैं मगर प्रदेश के निवासी यही चाहते हैं कि हमारी उन्नति हो, हमारी बढ़ोतरी हो और उसके साथ ही साथ हम लोग एक डैमोक्रेटिक तरीके से आगे बढ़ें। एक कठिनाई की घड़ी से हम गुजरे हैं। हम इन पिछले सालों में एक अन्धेरे से गुजरे हैं। मैं उन रास्तों में शायद शरीक नहीं था। जो मेरे माननीय मित्र हैं, जो ट्रेजरी बैंचिज़ में बैठे हैं, वे शरीक थे। मैं अनुमान कर सकता हूं कि किन अन्धेरे रास्तों में से गुजर करके, किन तकलीफों से गुजर करके एक अन्धकारमय युग से भारतवर्ष निकला है जिसे स्वतन्त्रता के बाद आज शायद पहली दफा हम सब ने देखा है। उस अंधकारमय युग से निकल करके हम रोशनी की तरफ आए। जनतन्त्र में विश्वास रखते हुए जनता ने हमें भेजा है और यह आदेश दिया है कि जनतांत्रिक रुप से सरकार को चला करके हमारे कष्टों और तकलीफों को दूर करो। तो, मैं समझता हूं कि सरकार जो रूलिंग पार्टी में है और जो इधर बैठे हैं, हम सभी पर यह जिम्मेदारी आती है कि उनकी भावनाओं से खिलवाड़ न करें और खिलवाड़ न करने का एक तरीका वही है कि जो जनतान्त्रिक तरीके से सरकार बनी है वह कमर कस कर के प्रदेश के हित के लिए काम करें।

यद्यपि मै अपोजिशन से बोल रहा हूं लेकिन मैं अग्रह करूंगा माननीय मुख्य मन्त्री जी से, मन्त्री गणों से, माननीय सदस्यों मे जो जनता पार्टी के हैं, जो उधर बैठे है और जो इधर बैठे हैं, कि जो भी कार्य करें ऐसे तरीके से करें कि सरकार का काम न बिगड़े, जनतन्त्र का काम ना बिगड़े।



मैं अखबारो में पढ़ता हूं, चर्चाएं होती हैं। कल के अखबार मैं है कि हिमाचल में गवर्नर शासन होगा। गवर्नमैन्ट के काम में मैं नहीं जा सकता, सन्तुष्ट हैं या असन्तुष्ट हैं, यह तो पार्टी का काम है। एक आदमी प्रधान मन्त्री रहे या दूसरा आदमी प्रधान मन्त्री रहे।

इसका मुझ से कोई सम्बन्ध नहीं। लेकिन मुझे इस चीज से अवश्य सम्बन्ध है, एक यदस्य के नाते, एक ऐसे सदस्य के नाते जो निर्दलीय रुप में आपके सम्मुख हो, एक प्रार्थना करुंगा, दोनों पक्षों से विशेष करके सरकारी पक्ष से कि ऐसा काम करिए, जिससे यह चीज हो कि हिनाचल प्रदेश की जो असैम्वली है, हिमाचल प्रदेश की विधान-सभा, है जिस विधान सभा के अन्दर सदस्यों को लोगों ने सहस्रों नहीं लाखों वोट देकर यहां भेजा है, जनतांत्रिक तरीके से सरकार चलाए और जनता की भावनाओं को, उनकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए, उन सिद्धान्तों को सामने रखते हुए आप काम करिये। ऐसा कोई पग न उठाएं जैसा कि कहा गया कि यहां अगर सरकार न रह सके तो गवर्नर को शासन कर दिया जाए, क्या मज़ाक है, कैसे दे देंगे। ५४ लोग यहां बैठे हैं, उन पर। इतना ही कहूंगा, आगे नहीं जाऊंगा, मेरा काम नहीं है। मेरे दिल में एक बात थी, वह मैंने कह दी, क्षमा करें। यह तो मेरे दिल की आवाज थी, वह मैंने कह दी। मैं तो आप सब को अपील करता हूं कि आप सरकार को जनतांत्रिक तरीक़े से चलाइये, और उसको चलाते हुए ऐसे तरीके से चले जिससे कि लोगों की आगे कें लिए जो भावनाए हैं वे पूरी हों। मैं समझता हूं इसका आप ख्याल रखेंगे। हमारे मुख्यमन्त्री जी तो यहां नहीं हैं, चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी और दूसरे मन्त्री हैं, वे सब बैठे हैं। मैं उनसे बड़े अदब से कहूंगा कि इस तरीके से सारा काम कीजिए जिससे कि जो हिमाचल प्रदेश में डैमोक्रेसी है, वह कायम

रहे, डैमोक्रेटिक तरीके जो हैं वे कायम रहें, डैमोक्रेसी जो है वह कायम रहे। हम लोग कहीं भारतबर्ष के सामने हम कोई खिलवाड़ न बन जाएं। हम भारतवर्ष का सिर हैं और हमें सिर ही रहना चाहिए, हम किसी प्रकार से खिलवाड़ न बन जाएं। ओर इस तरह से सारी चीजें चलाएं जिनसे कि जनतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रख सकें। जनतांत्रिक को कायम रखते हुए हमें चलना चाहिये।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत अभारी हूं और साथ ही आपसे माफी मांगता हूं अगर कोई ऐसी बात कही गई हो, जो मान-नर्यादा के विरुद्ध हो। मगर जो कुछ मैंने कहा अपने दिल से कहा, दिल की अवाज थी जो वह कही। और अगर मैं कोई ऐसी बात कह गया हूं तो उसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं अगर कोई गलती हो गई हो। क्योंकि ६-७ बर्षों से सदन से अलग होने के कारण शायद कुछ भूल गया हूं। आगे को याद करके आऊंगा। गलती अगर हो गई हो तो उसके लिए आप माफ करें। इसके साथ ही मैं आपको धन्यवाद करता हूं, मुझे आपने बहुत ससय दिया, बहुत धन्यवाद।

—०—